वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

दिनांक: 30.10.2021

अधिसूचना

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या को अवगत कराया जाता है कि बी.एस–सी. नर्सिंग प्रथम वर्ष, बी.एस–सी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) प्रथम वर्ष, बी.बी.ए., बी.सी.ए. छठा सेमेस्टर, एलएल.बी. चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर के प्रायोगिक परीक्षा के अंकपर्ण तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के मौखिक के अंकपर्ण कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अभी तक विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं कराये गये हैं।

अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा अभी तक प्रायोगिक/मौखिक परीक्षा के अंकपर्ण जमा नहीं किये गये हैं उन्हें निर्देशित किया जाता है कि प्रायोगिक/मौखिक से सम्बन्धित अंकपर्ण दो प्रतियों में दिनांक: 09.11.2021 तक विश्वविद्यालय में प्राप्त करा दें अन्यथा की स्थिति में प्रायोगिक/मौखिकी के अंकों के अभाव में परीक्षाफल अपूर्ण रहने पर समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः 2299/गोप./2021 दिनांक: 30.10.2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समाचार सम्पादक, **दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, अमर उजाला** को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
5. अधीक्षक, गोपनीय।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)